डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | सावन कृष्ण पक्ष 06 – 2083 | भोपाल, दिन मंगलवार 04 अगस्त 2026

कांग्रेस ने बरकरार रखी दतिया की सीट, घनश्याम सिंह से भाजपा उम्मीदवार आशुतोष तिवारी 6016 वोट से हारे

दतिया नारी शीर्षक नरोत्तम मिश्रा के स्टाइल में आंखें मेरी भीगी हुई चेहरा तेरा उतरा हुआ

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा सीट उप चुनाव के दौरान जब प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा मंच से से बड़े थे, तब जो लगभग अंतक की जा रही थी, वह सच साबित हुई। नरोत्तम के आंसुओं ने उनके समर्थकों को मिली तीर पर इकट्ठोश और नाना जा रहा है कि ये आंसू भाजपा की जीत को बल ले गए। भाजपा नरोत्तम और पार्टी जिलाध्यक्ष तक के बूथ में हार गई। कांग्रेस के मनमोहन सिंह ने भाजपा के आशुतोष तिवारी को 6016 वोटों के अंतर से हरा दिया। कांग्रेस ने यह सीट बरकरार रखी और भाजपा को बढ़ा सकक दे गई। सबसे बड़ा सबक यही कि अब देश के अंदर वैसा माहौल नहीं रहा कि पार्टी जिसे चाहे टिकट दे दे और चुनाव जीत ले। लाडली बहना योजना की राशि बढ़ कर मिलने के बावजूद महिलाओं ने पिछले चुनाव की तुलना में कम मतदान किया। भाजपा को इसका नुकसान भी हुआ। पिछलाला जिर्क भाजपा के अंदर से ही नहीं हुआ, कांग्रेस भी इसका शिकार हुई। कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह को जीत के बाद भी अपने ही कार्यकर्ताओं से विरोध का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के कार्यकर्ता दोनों को नुकसान हुआ। लंबे समय से विधायक रहे भाजपा को ज्यादा नुकसान पहुंचाया। दतिया से पीछे कांग्रेस जीते कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने कहा है कि इस जनादेश का संदेश पूरे देश में जाएगा। यह सिर्फ एक विधानसभा सीट का फैसला नहीं है, यह जनता का संदेश पूरे देश में जाएगा। यह सिर्फ एक विधानसभा सीट का फैसला नहीं है, यह जनता का संदेश पूरे देश में जाएगा। यह सिर्फ एक विधानसभा सीट का फैसला नहीं है, यह जनता का संदेश पूरे देश में जाएगा।

टिकट कटने के बाद नरोत्तम सभा में रोए थे, तो क्या उनके आंसुओं में बह गई भाजपा की जीत?

सिंह की हिमायत पर पार्टी के पूर्व विधायक राजेश शाक्यी को नामांकन से पहले ही चुनाव से बाहर कर दिया गया।

अजाद समाज पार्टी से चुनाव लड़े दामोदर यादव ने 22 हजार 527 वोट हासिल किए। उनकी वजह से भाजपा-कांग्रेस दोनों को नुकसान हुआ। लंबे समय से विधायक रहे भाजपा को ज्यादा नुकसान पहुंचाया। दतिया से जीते कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने कहा है कि इस जनादेश का संदेश पूरे देश में जाएगा। यह सिर्फ एक विधानसभा सीट का फैसला नहीं है, यह जनता का संदेश पूरे देश में जाएगा। यह सिर्फ एक विधानसभा सीट का फैसला नहीं है, यह जनता का संदेश पूरे देश में जाएगा।

ये रहे भाजपा की हार के कारण

जेन–जी आंदोलन
राम मंदिर दान चोरी और भितरघात
आजाद समाज पार्टी के दामोदर यादव ने भी पहुंचाया नुकसान
मेरी राजनीति का अब सन्यास हो गया है। अब पार्टी में कोई पद लेने की मेरी इच्छा नहीं है।
नरोत्तम मिश्रा, पूर्व मंत्री

कौन क्या बोला

अपने चार्ज पूरा करने में और तरक्की से लड़ेंगे, जीतेंगे

अपने चार्ज पूरा करने में और तरक्की से लड़ेंगे और जीतेंगे। हमारी जो पार्ट पूरा में जीत गए हो और लगातार दतिया प्रदेश में जीतेंगे।

दोषी पाए गए तो होगी कार्रवाई: जांच समिति ने कोई कार्यकर्ता का गलतियाँ दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

हरेशचन्द्र हेमंत खंडेलवाल
मंत्री

जीत सामूहिक तपस्या का परिणाम

जनता की जीत हुई कार्यकर्ता की जीत है। सामूहिक तपस्या का परिणाम है। यह जनादेश सहज नहीं है मेहनत की जीत है।

राजेश शाक्य जीतू कठवारी

जो पार्टी को मां कहते हैं, उन्हें धोखा नहीं देना चाहिए

चिरंतन हुआ है, ये मेरे केवल इतना ही कहना है कि जो कार्यकर्ता को न कहते हैं उन्हें धोखा नहीं देना चाहिए।

राजाराम एन्डोलिया आशुतोष तिवारी

विधायक ने दामोदर ने एक चुनाव में भाजपा को ज्यादा नुकसान पहुंचाया। दतिया से जीते कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने कहा है कि इस जनादेश का संदेश पूरे देश में जाएगा।

ठेकेदार पर 3.30 लाख का जुर्माना

बिना अनुमति काट दिये 66 पेड़, ठेकेदार पर 1 30 लाख का जुर्माना 10 गुना पौधे लगाने का आदेश

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल के सेंट्रल डेयरी फार्म परिसर में बिना अनुमति 66 पेड़ काटने के मामले में नगर निगम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अर्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी पर "3.30 लाख रुपये का जुर्माना" लगाया है। इतना ही नहीं, कंपनी को काटे गए पेड़ों के बदले "10 गुना पौधारोपण" करना होगा और उनकी "तीन साल तक निशुल्क देखरेख" भी करनी होगी।

नगर निगम की जांच में सामने आया कि ठेकेदार ने बिना अनुमति "60 बबूल, 5 यूकेलप्टस और 1 पलाश" का पेड़ काट दिया। इनमें "40 पेड़ों का व्यास 30 सेंटीमीटर से अधिक" था, जिन्हें परिपक्व वृक्ष माना जाता है। शिकायत मिलने के बाद निगम अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया और कार्रवाई की।

निगम के अनुसार, इस परिसर में "10 हजार पौधे" लगाने की योजना है, जिनमें पीपल, नीम, बरगद, अमलतास, कचनार, गुलमोहर, अर्जुन और सेमल जैसी प्रजातियां शामिल हैं। वहीं, "3 मई 2026 की सैटेलाइट इमेज" के विश्लेषण के आधार पर निगम ने दावा किया कि संबंधित क्षेत्र में 700 पेड़ मौजूद नहीं थे। अब पूरे मामले की निगरानी की जा रही है और भविष्य में पर्यावरण नियमों के उल्लंघन पर और सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई

न्यूज गैलरी

रेलवे सलाहकार समिति की बैठक जल्द बुलाने की मांग

भोपाल। रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति (सीआरयूसीसी) के सदस्य निलेश श्रीवास्तव ने रेलवे प्रबंधक को पत्र लिखकर समिति की बैठक शीघ्र आयोजित कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि समिति की पिछली बैठक 30 अप्रैल 2026 को हुई थी, जिसमें अगली बैठक जल्द बुलाने पर आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक तिथि तय नहीं हुई। श्रीवास्तव ने कहा कि नियमित बैठकों से यात्रियों की समस्याओं, रेलवे सुविधाओं में सुधार और जनहित के मुद्दों पर प्रभावी चर्चा संभव होती है। उन्होंने सभी सदस्यों को आमंत्रित कर जल्द बैठक आयोजित करने का आग्रह किया।

जीतू पटवारी पर कोर्ट ने तय किए आरोप, 21 अगस्त को अगली सुनवाई

ग्वालियर। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान दर्ज मामले में ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। पटवारी ने 20 जुलाई को कोर्ट में सरेंडर करने के बाद जमानत प्राप्त की थी। सोमवार को दिल्ली में होने के कारण वे सुनवाई में उपस्थित नहीं हो सके। कोर्ट ने उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 188 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 के तहत आरोप तय किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी।

रक्षाबंधन पर भोपाल–रीवा के बीच चलेंगी 4 जोड़ी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें

भोपाल रक्षाबंधन पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने भोपाल–रीवा–भोपाल के बीच चार जोड़ी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। पहली ट्रेन 25 अगस्त को भोपाल से रवाना होकर अगले दिन रीवा पहुंचेगी। इसके बाद 26, 27, 29, 30 और 31 अगस्त को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विशेष

पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से राजस्व कार्य प्रभावित

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में विभिन्न मांगों को लेकर पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे प्रदेशभर में राजस्व विभाग का कामकाज प्रभावित होने लगा है। हड़ताल के कारण नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र सहित कई जरूरी राजस्व कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। किसानों और आम नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज बनवाने व राजस्व संबंधी

मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी संगठन का कहना है कि लंबित मांगों का समाधान नहीं होने के कारण उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। वहीं, शासन हड़ताल समाप्त कराने के प्रयास में जुटा है। ऐसे समझौता नहीं होने पर लंबित प्रशासनी और सेवा और बढ़ सकती है। लगभग्वाई और बढ़ने की आशंका है।

प्रदर्शनकारियों को सुप्रीम कोर्ट से राहत ,छात्रों पर नहीं होगा केस

छात्रों पर दर्ज एफआईआर होंगी वापस,2700 गंभीर आरोपियों पर कार्रवाई जारी

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

नीट पेपर लीक मामले में लिंचिंग-प्रदर्शन करने वाले छात्रों को केंद्र सरकार ने बड़ी राहत दी है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस ली जाएंगी और उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी। हालांकि, प्रदर्शन की आड़ में हिंसा और अन्य गंभीर अपराधों में शामिल "2,700 से अधिक लोगों" के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि किसी पुलिसकर्मी ने अनावश्यक बल प्रयोग किया है तो उसे बचाया नहीं जाना चाहिए। वहीं, कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले लोगों को भी किसी तरह की राहत नहीं मिलनी चाहिए। अदालत ने पूरे मामले की जांच के लिए "फुल

सुनवाई की अध्यक्षता में एसआईटी गठित करने" के संकेत दिए हैं।

संसद–मंत्रालय पर प्रदर्शन को लेकर केंद्र से जवाब तलब

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जंतर-मंतर पर लगातार होने वाले धरना-प्रदर्शनों से जुड़ी जनहित याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने विचार करेगा कि संसद के प्रदर्शन के लिए जंतर-मंतर उपयुक्त स्थान है या किसी वैकल्पिक स्थल का चयन किया जाना चाहिए।

याचिका में यातायात और आम जनता को होने वाली परेशानियां कम हों।

पहली गलती करने वाले युवाओं को सुधार का मौका

अदालत में एक अन्य याचिका में मांग की गई है कि सोशल मीडिया पर अनर्गल भाषा का इस्तेमाल करने वाले नाबालिगों और पहली बार गलती करने वाले युवाओं को जेल भेजने के बजाय "सात दिन की सामुदायिक सेवा" कराई जाए। इस प्रस्ताव पर भी सुप्रीम कोर्ट आगामी सुनवाई में विचार करेगा।

ई–प्रवेश 2026–27 में जेंडर पैरिटी इंडेक्स 1.71, हर 100 छात्रों पर 171

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल में उच्च शिक्षा विभाग की ई–प्रवेश प्रक्रिया के गतिशील आंकड़ों के अनुसार सत्र 2026–27 में प्रदेश सामान्य जेंडर पैरिटी इंडेक्स 1.71 दर्ज किया गया। इसका अर्थ है कि प्रत्येक 100 छात्रों पर 171 छात्राओं ने प्रवेश लिया।

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने इसे प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि यह छात्राओं की प्रतिभा, अभिलाषाओं के गतिशील और छात्र-केंद्रित सुधारों का परिणाम है।

अब तक पूरी, पीजी और डिप्लोमा शिक्षा पाठ्यक्रमों में कुल 6,29,494 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया, जिनमें 3,34,464 छात्राएं और 1,95,030 छात्र हैं। पूरी में जीपीआई 1.55, पीजी में 2.27 और डिप्लोमा शिक्षा में 2.01 रहा।

मंत्री ने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबी उच्च शिक्षा की दिशा में मजबूत संकेत है।

बोट क्लब से लेकर बैरागढ़ तक कब्जों पर चला निगम का बुलडोजर, 11 मकान सील

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

राजधानी में अतिक्रमण और अवैध निर्माणों के खिलाफ नगर निगम ने सोमवार को बोट क्लब, 1100 क्वार्टर, एमपी नगर, लालघाटी, अरेरा कॉलोनी और बैरागढ़ समेत कई इलाकों में व्यापक कार्रवाई की। अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सड़क और फुटपाथ पर बनाए गए अवैध शेड हटवाए और कई जगह बुलडोजर चलाया गया। फुटपाथों पर लगी अवैध दुकानें, ठेले और गुमटियां भी हटाई गईं। मौके से ठेले, कुर्सियां जब्त की गईं। पीसीपीएनडीटी के भारत माता चौराहे एक अस्थायी ढांचे हटाए गए, जबकि फतेहगढ़ में मकानों के सामने बने अवैध चबूतरे और नालियों पर बनी पार्किंग पर जांचिया हटवाई गईं।

कार्रवाई के दौरान बाणगंगा में बाधा बन रहे 13 घर पहले ही खाली कराए गए। कुटुम्बों पर लगी अवैध दुकानें, ठेले और गुमटियां भी हटाई गईं। मौके से ठेले, काउंटर, 25 कुर्सियां, 36 स्टूल सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। नगर निगम ने जिला प्रशासन के साथ 1100 क्वार्टर क्षेत्र के 11 मकानों को सील कर खालाबाली की कार्रवाई भी कराई। रायकवा नियमों के उल्लंघन और बिना अनुमति पेड़ काटने पर निगम ने 71 मामलों में 12,300 का स्पॉट फाइन वसूला। इसमें कलमना नगर में अवैध रूप से पेड़ काटने पर लगाया गया 1,000 का जुर्माना भी शामिल है।

10 किलो का फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर उपलब्ध

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

इंदौर के बाद अब भोपाल में भी मंगलवार से 10 किलो का फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर उपलब्ध होगा। इसकी शुरुआत फिलहाल शहर की तीन गैस एजेंसियों हरिमोहन, होशंगाबाद रोड स्थित रघु गैस एजेंसी, अमिनम्यु गैस एजेंसी और टीटी नगर क्षेत्र की अरावली डिस्ट्रीब्यूटर से की जा रही है। उम्मीदवार अब डिजिटल के माध्यम से भी सिलेंडर बुक कर सकेंगे।

एजेंसी संचालकों के अनुसार, डिजिटल पर बुकिंग होने के बाद ऑर्डर संबंधित गैस एजेंसी तक पहुंचेगा और लगभग चार दिन के भीतर सिलेंडर घर तक डिलीवरी कर दी जाएगी।

इस सुविधा के लिए उपभोक्ताओं को 3,168 रुपये सिक्योरिटी राशि जमा करनी होगी, जबकि प्रत्येक रिफिल की कीमत 1,880 रुपये निर्धारित की गई है। नया कनेक्शन लेने के लिए केवल एक वैध पहचान पत्र की आवश्यकता होगी।

छात्रसंघ चुनाव | मप्र के कॉलेजों में 9 साल बाद गूंजेगा चुनावी शोर

सितंबर में होंगे छात्रसंघ चुनाव, हाईकोर्ट की सख्ती के बाद राज्य सरकार ने दिया लिखित आश्वासन

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

राज्य में करीब 9 साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार छात्रसंघ चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी और रुख के बाद राज्य सरकार ने अदालत में लिखित आश्वासन दिया है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 के तहत सितंबर महीने में छात्रसंघ चुनाव कराए जाएंगे।

यह आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश (एक्टिंग चीफ जस्टिस) विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने जबलपुर निवासी छात्र अवनान अंसारी

की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। अदालत ने सरकार को आगामी शैक्षणिक सेशन के साथ चुनाव की स्पष्ट तारीख और कार्ययोजना पेश करने का सख्त निर्देश दिया था, जिसके बाद सरकार को सितंबर में चुनाव कराने का फैसला लेना पड़ा।

कोरोना और सनवाल हत्याकांड का दिया जा रहा था तर्क

याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि सत्र 2017 के बाद से प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव बंद पड़े थे। सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन अब तक कानून-व्यवस्था बिगड़ने, फर्जी प्रमाणित होने और राजीव के चर्चित प्रोफेसर एनएस सनवाल हत्याकांड (2006) जैसी हिंसक घटनाओं का हवाला देकर चुनावों से बचते आ रहे थे। बीच में कोरोना महामारी का तर्क देकर भी इसे लगातार टाला जाता रहा।

चुनाव हुए नहीं, पर छात्रों से वसूले करोड़ों रुपए

याचिकाकर्ता अवनान अंसारी ने कोर्ट के समक्ष एक और गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि भले ही पिछले 9 सालों से कॉलेजों में चुनाव नहीं कराए गए, लेकिन विश्वविद्यालय हर साल छात्रों से छात्रसंघ चुनाव शुल्क नियमित रूप से वसूलते रहे।

शिवमय हुआ मध्य प्रदेश भोजपुर में 50 हजार श्रद्धालु, महाकाल की भस्म आरती में सजा राजा स्वरूप

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

सावन के पहले सोमवार पर मध्य प्रदेश के शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं, उज्जैन के विश्व

प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में तड़के भस्म आरती के बाद बाबा महाकाल का राजा स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया गया। भोजपुर शिव मंदिर में 50 हजार से अधिक भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। डिंडोरिन का 4 क्विंटल फूलों, बेलपत्र और धतूरे से भव्य श्रृंगार किया गया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | सावन कृष्ण पक्षा 06 - 2083 | सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 04 अगस्त 2026

न्यूज गैलरी

बुदनी में 11. 45 लाख की अवैध शराब जब्त, चालक फरार

बुदनी। पुलिस ने सोमवार शाम अवैध शराब के भरी एक पिकअप जब्त की। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोराहापी की, लेकिन चालक रेलवे स्टेशन के पास वाहन छोड़कर फरार हो गया। तलाशी के दौरान पिकअप से देशी और अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद हुई, जिसे शिनाख्त के लिए उपयुक्त माध्यमों और विभाग के हवाले रखे गए थे। पुलिस के अनुसार, जब्त शराब की कीमत करीब 6.45 लाख रुपये और पिकअप की कीमत लगभग 5 लाख रुपये है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक तथा शराब की खेप के स्रोत और गंतव्य की जांच शुरू कर दी है।

गोशालाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश

सीहोर। कलेक्टर ने जिले की गोशालाओं की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोशालाओं में गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए और चारा, पानी, स्वच्छता, छाया और जल आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

बलराम कृषि महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा

सीहोर। कलेक्टर कावेरी कावड़िया ने बैठक में आगामी बलराम कृषि महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए कहा कि महोत्सव का आयोजन व्यवस्थित हो। महोत्सव में कृषि आधारित स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल पर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, कृषि यंत्रों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

18 से पार्थिव शिवलिंग निर्माण, भागवत कथा भी

सीहोर। 18 से 24 अगस्त तक मां नर्मदा के उत्तर तट पर ग्राम नीलकंठ के यज्ञशाला परिसर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण होगा। साथ में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा होगी। आयोजन श्रीधाम सरकार की प्रेरणा से हो रहा है। प्रेरणा ब्रह्मलीन पंडित सत्यनारायण शर्मा से भी मिली है। पंडित प्रमोद दुबे ने बताया कि कथा पंडित दिनेश शास्त्री मंदसौर करेंगे।

बड़ी नर्सरी लगाने पर मिलेगा 40 प्रतिशत अनुदान

सीहोर। उद्यानिकी विभाग ने एमआईडीएच योजना के तहत निजी क्षेत्र में 1 से 2 हेक्टेयर की बड़ी नर्सरी स्थापित करने पर 40 प्रतिशत अनुदान देने की घोषणा की है। प्रति हेक्टेयर 30 लाख रुपये की अनुमत लागत पर अनुदान मिलेगा। योजना बैंक आधारित होगी और ऋण स्वीकृति के बाद प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इच्छुक किसान 13 अगस्त तक सहायक कलेक्टर के कक्ष क्रमांक 126-127 में आवेदन जमा कर सकते हैं।

जिले में अब तक 508. 8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

सीहोर। जिले में 3 अगस्त तक औसतन 508.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार सोमवार को औसतन 28 मिमी बारिश हुई, जिसमें सीहोर तहसील में सर्वाधिक 50 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। आष्टा, श्यामपुर सहित कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई, जबकि कई तहसीलों में वर्षा नहीं हुई। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में 646.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

सावन सोमवार सावन के पहले सोमवार को सीवन से कुबेरेश्वरधाम तक उमड़ा आस्था का महासागर

सुबह चार बजे से देर रात तक कांवड़ यात्रियों की आवाजाही, सड़क किनारे जगह-जगह सेवा पंडालों में हुआ श्रद्धालुओं का स्वागत

डीआर संवाददाता>सीहोर

सावन मास के पहले सोमवार पर शहर से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक भव्य कांवड़ यात्रा में देशभर से आए कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों का रैलाब उमड़ पड़ा। सुबह करीब चार बजे से देर रात तक सीवन नदी तट पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सीवन नदी से पवित्र जल भरकर करीब 11 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

सावन के पहले सोमवार पर शहर के सीवन नदी तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक पूरा मार्ग हर-हर महादेव और बोल शिवाय नमस्तुभ्यं के जयघोष से गूंजता रहा। बारिश और उमस के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। महिलाएं, युवक, युवा और बुजुर्ग सभी भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए।

सड़क किनारे लगाए सेवा पंडाल, कांवड़ यात्रियों की सेवा में जुटे सेवादार

कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक जगह-जगह सेवा पंडाल लगाए गए। इन पंडालों में श्रद्धालुओं के लिए चाय, फलाहार, पेयजल एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई। स्थानीय सामाजिक, धार्मिक संगठनों और शिवभक्तों ने पूरे सेवाकाल के साथ कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया।

कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु सीवन नदी तट पहुंचे। लगातार बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के कारण सीवन नदी तट और कुबेरेश्वरधाम के आसपास क्षेत्र धार्मिक उत्साह के रूप में नजर आया।

शास्त्रविदों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक कांवड़ यात्रा और देखभाल की जो व्यवस्था की गई है, वह देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। सीवन नदी तट अब बड़ी संख्या में शिवभक्तों के लिए धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिवभक्तों को संदेश देते हुए कहा कि पूरे वर्ष भगवान शिव को एक लोटा जल अर्पित करना चाहिए, वहीं सावन मास में दो लोटा जल से भगवान शिव का अभिषेक करें। उन्होंने कहा कि भगवान की पूजा-अर्चना सच्चे विश्वास और श्रद्धा के साथ करने से जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

घर बैठे ऑनलाइन शिव महापुराण कथा का श्रवण करें

ऑनलाइन कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रोताओं से अपील की कि वे अपने-अपने घरों पर ऑनलाइन भी कांवड़ शिव महापुराण कथा का श्रवण करें। सावन मास के अवसर पर पांच दिवसीय ऑनलाइन शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया है, जिसमें शिवभक्ति और भगवान शिव की महिमा से जुड़े प्रसंगों का अमृत सुनाया जा रहा है।

पहले सोमवार को डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे

विठ्ठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु कुबेरेश्वरधाम पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और समिति द्वारा सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। उन्होंने बताया कि सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक आने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए विभिन्न स्थानों पर चाय, फलाहार और पेयजल की व्यवस्था की गई है।

सोमवार अलसुबह श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुए हैं। शहर के पहले सोमवार पर सीवन नदी तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक दिखाई दिया यह नजारा भगवान शिव के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था और विश्वास को दर्शाता रहा। देर रात तक कांवड़ यात्रियों के समूहों का सिलसिला जारी रहा और पूरा मार्ग शिवमय नजर आया।

आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता>सीहोर

गोशालपुर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के संबंधित मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले एक आरोपी राहुल पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। पुलिस के अनुसार, ग्राम तिलापुर निवासी मनीष यादव ने आत्महत्या से पहले बनाए वीडियो में नीरज यादव, अंकित यादव, संजय यादव और राहुल पटेल पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

जांच के दौरान परिजनों के बयान, वीडियो और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले में विस्तृत मामला दर्ज किया गया। एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2 अगस्त को नीरज यादव, अंकित यादव और संजय यादव को गिरफ्तार किया।

तीनों आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई।

सीहोर रोड पर 3 घंटे चक्काजाम, मूंग खरीदी ठप होने से भड़के किसान

डीआर संवाददाता>सीहोर

गन्नाकुई ने मूंग खरीदी व्यवस्था ठप होने से नाराज किसानों ने सोमवार को सीहोर रोड पर करीब तीन घंटे तक चक्काजाम किया। किसान वेयरहाउस के पूरी तरह भर जाने से खरीदी बंद रही, जिससे 200 से अधिक किसान मूंग से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ सड़क पर खड़े रहे। किसानों ने कलेक्टर द्वारा नए ग्राम साई वेयरहाउस को जल्दी शुरू से मांग उठाई। मौके पर पहुंचे एसडीएम सुधीर कुशवाह ने वैकल्पिक वेयरहाउस में मूंग का प्रस्ताव दिया, लेकिन किसान नहीं माने। बसें, पेट्रोल पंप समेत रोड-ब्लॉकेड नहीं होने से कई किसानों के बिल जमाबंदी नहीं हो पा रहे हैं, जिससे खरीदी पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

तेज धूप से बढ़ा मिर्ची का तापमान, किसान कर सकते हैं ढोबारा सोयाबीन की बोवनी

डीआर संवाददाता>सीहोर

सीहोर में सोमवार को तेज धूप निकलने से मिर्ची के तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, जिन किसानों के खेतों में सोयाबीन का अंकुरण नहीं हुआ है, वे अब ढोबारा बोवनी कर सकते हैं। आरएके कॉलेज की प्राचीन लोक विज्ञानकार के विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मिर्ची का मौजूदा तापमान बीज अंकुरण के लिए अनुकूल है। सोमवार को अधिकतम तापमान 29.8 और न्यूनतम 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक गुणा तापमान से जड़ें गहरी और पौधा तेज बढ़ता तरीके से बढ़ता गरमी है, जिससे फसल का बेहतर तौर होता है।

सीहोर, कुरावर और शुजालपुर मंडी भाव 3 अगस्त 2026

डीआर संवाददाता>सीहोर

मध्य प्रदेश की प्रमुख कृषि उपज मंडियों में सोमवार, 3 अगस्त 2026 को किसानों की आवक दर्ज की गई। सीहोर, कुरावर और शुजालपुर मंडियों में सोयाबीन के भाव 67 हजार प्रति क्विंटल से ऊपर बने रहे, जबकि लहसुन और धनिया के दाम भी नवाबुद्दी रहे। बारिश के बीच किसान मंडी यात्रा में अपनी उपज लेकर मंडियों में पहुंचे।

सीहोर कृषि उपज मंडी में 5,971 क्विंटल कृषि उपज की आवक हुई। पीला सोयाबीन अधिकतम 67,150 और मॉडल 67,120 प्रति क्विंटल बिका। लहसुन के भाव 16,000 से 19,600 प्रति क्विंटल रहे। धनिया का मॉडल भाव 15,301, गूंगा 17,401, सरसों 17,701, लपेन चना 16,250 और लाल चना 16,150 प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। गेहूं लोकल अधिकतम 13,073 प्रति क्विंटल बिका।

कुरावर मंडी में कुल 4,036 क्विंटल उपज की आवक दर्ज की गई। यहां सोयाबीन अधिकतम 67,000, सर्मेन्ट चना 16,930, सरसों 17,360, सोयाबीन 17,260 (मॉडल 17,070), चना 16,030, मसूर 16,300, गेहूं 12,820 और धनिया 12,700 प्रति क्विंटल तक रहा।

शुजालपुर मंडी में 4,986 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। यहां लहसुन अधिकतम 19,000, सर्मेन्ट चना 16,930, सरसों 17,360, सोयाबीन 17,260 और मॉडल 17,030 प्रति क्विंटल रहा। धनिया 13,000, गूंगा 16,945, मसूर 16,800, सरसों 17,200 और चना 16,900 प्रति क्विंटल तक बिका।

किसानों के लिए सलाह

बारिश के मौसम को देखते हुए मंडी प्रशासन ने किसानों से उपज को विपणन के ढोकवार लाने की अपील की है। वहीं शुजालपुर मंडी में प्रवेश से पहले आवश्यक दस्तावेज और प्रवेश पर्ची संबंधी नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर सीहोर में जश्न, ढोल-नगाड़ों के साथ बांटी मिठाई

डीआर संवाददाता>सीहोर

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के बाद सोमवार को सीहोर में कार्यकर्ता नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ विजय उत्सव मनाया। शहर के मुख्य चौराहे पर ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ताओं ने नृत्य किया, आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान कांग्रेस के सम्मान में जनकर नारेबाजी भी की गई।

शिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि यह जीत केवल एक उम्मीदवार की नहीं, बल्कि कांग्रेस की विचारधारा, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास और जनहित के मुद्दों पर अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण पाटीदार ने कहा कि दतिया उपचुनाव का परिणाम प्रदेश की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण संदेश है। उन्होंने इसे जनता द्वारा कांग्रेस की नीतियों और नेतृत्व पर जताए गए भरोसे का प्रतीक बताया।

जिला एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित विजय उत्सव में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चौराहे पर आतिशबाजी की गई और कार्यकर्ताओं व कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई बांटकर जीत की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम में नेताओं ने कहा कि पार्टी इसी उत्साह के साथ जनता के मुद्दों को लेकर जनता के बीच सक्रिय रहेगी।

इंदौर ने भोपाल को एक तरफा सेमीफाइनल मुकाबले में 4-1 के अंतर से हराया

डीआर संवाददाता>सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय जूनियर बालक वर्ग फुटबाल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में इंदौर ने भोपाल को 4-1 के अंतर से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

सोमवार को इंदौर-भोपाल के बीच खेला गया इंदौर की टीम ने शुरू से ही शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मध्य तक इस प्रतियोगिता में से 40 खिलाड़ियों को चुना जाएगा। प्रतियोगिता के सफल होने पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कनोजिया ने जनप्रतिनिधियों के अलावा खेल संगठनों को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी हेमंतु दीक्षित ने बताया कि सोमवार को इंदौर टीम ने राज्य स्तरीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए किताब की वायदार भोपाल को 4-1 के अंतर से हराया। इंदौर

शिव महापुराण सावन माह में 3 से 9 अगस्त तक चलेगी सात दिवसीय कथा, पहले दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

महिला मंडल की भव्य शोभायात्रा के साथ झरखेड़ा में श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ,

डीआर संवाददाता>झरखेड़ा

सावन माह की पावन बेला में सीहोर जिले का ग्राम झरखेड़ा सोमवार से पूरी तरह शिवमय हो गया। ग्राम के पाटीदार मांगलिक भवन में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ महिला मंडल की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा गांव हर-हर महादेव के जयघोष तथा शिव भजनों से गूंज उठा।

भव्य शोभायात्रा

शोभायात्रा गांव के बड़े मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई वया स्थल पाटीदार मांगलिक भवन पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालु शिव भजनों पर झूमते नजर आए। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बड़ा-बड़ाकर भाग लिया, जिससे पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का वातावरण बन गया। जगह-जगह ग्रामीणों ने शोभायात्रा का स्वागत भी किया।

रोज दोपहर 12 से 3 बजे तक होगी कथा

आयोजन के तहत 3 से 9 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। कथा का उद्देश्य लोगों में धार्मिक चेतना जागृत करना, जनकी किसानों हमें कर रहे हैं, जबकि आयोजन का मुख्य महामंडलेश्वर की श्री 108 श्री नंदेश्वर दास जी महाराज के प्रवचन से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, शिव तत्व और आध्यात्म का संदेश दिया जाएगा।

श्रद्धालुओं के लिए की नई विशेष व्यवस्थाएं

कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठक व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षा से कथा का श्रवण कर सकें।

महिला मंडल और ग्रामीणों का संयुक्त आयोजन

इस विशेष मांगलिक कार्यक्रम महिला मंडल एवं ग्राम झरखेड़ा के ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने श्रोताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ उठाने की अपील की है। गांव के इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्ति, आस्था और उत्साह के रंग में रंग दिया है।

स्वतंत्रता समारोह की तैयारियां शुरू, परेड ग्राउंड पर सुबह 9 बजे होगा जिला स्तरीय आयोजन

डीआर संवाददाता>सीहोर

आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाने के लिए कलेक्टर बालमुरुगन ने की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने पुलिस परेड ग्राउंड में सुबह 9 बजे होने वाले जिला स्तरीय समारोह की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रशस्ति पत्र वितरण, स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान, पेयजल, यातायात, सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नागरिकों से समारोह में उपस्थित होकर आजादी के पर्व को उल्लासपूर्वक मनाने की अपील की।

न्यूज गैलरी

जन परिषद के वार्षिक समारोह में रऊफ खान सम्मानित

आष्टा। सेंट्रल इंडिया की अपनी संस्था जन परिषद के उपर्ये वार्षिक समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी रऊफ खान को उनके अनुपम योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन. के. त्रिपाठी ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। समारोह में पूर्व महापौर [illegible] मिश्र जैसे श्रीवास्तव, केके अग्निहोत्री सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, दुर्गेश रैकवार, महेंद्र लोधी समेत अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

सहायक शिक्षक किशनलाल सोलंकी का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह

इछावर। शासकीय प्राथमिक शाला नागलाई में सहायक शिक्षक किशनलाल सोलंकी के सेवानिवृत्त होने पर भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पमाला, छाता, डायरी और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, वे जीवनभर समाज को प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उनके दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

श्रावण के पहले सोमवार शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बिलकिसगंज। श्रावण मास के पहले सोमवार पर नगर के सभी शिव मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों ने भगवान शिव का जिल्पत्र, बेलपत्र, दूध, दही, शहद और गंगाजल से जलाभिषेक कर पूजा–अर्चना की। मंदिरों में विशेष शृंगार की गई और दिनभर धार्मिक आयोजन चलते रहे। बड़ी श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भोलेनाथ से परिवार की सुख–समृद्धि और कल्याण की कामना की।

पार्षद ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भेंट किया पौधा

जावर। वार्ड–13 के पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने जन्मदिन पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य भेंट कर उन्हें पौधा भेंट किया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों पर पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश देता है। केंद्रीय मंत्री ने पार्षद को शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पार्षद ने उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

बीए पुरानी योजना के विद्यार्थियों के अंतिम अवसर

जावर। शासकीय महाविद्यालय जावर ने बीए तृतीय वर्ष (पुराना पाठ्यक्रम) के छात्र विद्यार्थियों को पूर्व एवं पूरक परीक्षा आवेदन भरने का अंतिम अवसर दिया है। सत्र 2017–18 से 2022–24 तक के विद्यार्थी 21 अगस्त 2026 तक सामान्य शुल्क के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इसके बाद इस श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में साक्षम पाठक प्रथम

आष्टा। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के कक्षा 6 के छात्र साक्षम पाठक ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्थानीय गायत्री मंदिर में आयोजित जिला स्तरीय कल्याण

टीएल बैठक लंबित प्रकरण जल्द निपटाएं, किसानों को नहीं हो परेशानी

कलेक्टर – विकास कार्यों में देरी नहीं चलेगी, मूंग उपार्जन केंद्रों पर रहेगी पैनी नजर

डीआर संवाददाता>>आष्टा

जिले में शासन की प्रमाणिकता वाली योजनाओं और जनहित के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब अधिकारियों को भारी पड़ सकती है। कलेक्टर "कावेन्दु कैर" ने सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में साफ कहा कि लंबित प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। जनकल्याण योजनाओं में देरी या लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर करने और क्रियान्वयन की योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में भूमि आवंटन, राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण, वनाधिकार पट्टों, मुख्यमंत्री

जनकल्याण (संबल) योजना, गौशालाओं की व्यवस्थाओं तथा आगामी बसंत कृषि महोत्सव की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

भूमि आवंटन और मुआवजा वितरण में तेजी लाने पर जोर

बैठक में भूमि आवंटन, राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को विभागीय समन्वय से साफ सख्त आदेश जल्द निपटाने के निर्देश दिए, ताकि विकास कार्य प्रभावित न हों।

वनाधिकार और संबल योजना के मामलों की समीक्षा

कलेक्टर ने वनाधिकार पट्टों, सीसी नालीकरण और वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने के लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

गौशालाओं की व्यवस्थाएं बेहतर रखने के निर्देश

गौशालाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए। पशुओं के उपलब्ध परिरक्षण, चारा, पानी, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला की पेडार वेलफेयर से लिए संचालन मॉनिटरिंग करने को कहा।

बसंत कृषि महोत्सव किसान हितैषी बनाने पर जोर

बैठक में आगामी बसंत कृषि महोत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने, कृषि आधारित स्टॉल लगाने तथा कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से आधुनिक और प्राकृतिक खेती की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मूंग उपार्जन में किसानों के हित सर्वोपरि

अलग बैठक में कलेक्टर ने मूंग उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर पंजीयन, तौल, भंडारण और भुगतान की व्यवस्था सुचारु रखी जाए।

किसानों के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों कार्रवाई

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि लापरवाही किसानों के नाम पर किसी भी स्थिति में मूंग का विक्रय नहीं कर सकेंगे। राजस्व, कृषि, खाद्य, सहकारिता और मंडी विभाग को संयुक्त निरीक्षण करने तथा अनियमितता मिलने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

मंडियों और उपार्जन केंद्रों की होगी नियमित निगरानी

अधिकारियों को व्यापारियों के गोदामों और स्टॉक का नियमित निरीक्षण करने, मंडियों में खरीदी–बिक्री पर नजर रखने और किसानों की शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और किसान हितैषी बनी रहनी चाहिए।

मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों का काम बंद, तहसीलदार को सौंपा

डीआरसंवाददाता>>आष्टा

मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर सोमवार को आष्टा ब्लॉक के पटवारियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार रामलाल प्रजापति को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में क्षेत्र के सभी पटवारी क्लर्क और नायबों ने भाग लिया। संघ ने मांगें पूरी नहीं होने तक धरनाप्रदर्शन आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में लंबित कैडर रिव्यू लागू करना, पदोन्नति देना, राजस्व मान वेतनमान का लाभ उपलब्ध कराना, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित करना, जब प्रोटेक्शन एक्ट से पटवारियों को शामिल करना, लंबित वित्तीय भुगतान करना तथा नियम विरुद्ध हुए स्थानांतरण निरस्त करना शामिल है।

तहसील अध्यक्ष बलराम रजक और कमल किर ने कहा कि वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों का निराकरण नहीं होने से पटवारी संवर्ग खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य विभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया जारी है, जबकि पटवारियों को इससे वंचित रखा गया है। संघ ने कैडर रिव्यू लागू होने तक पदोन्नति और वेतनमान वेतनमान का लाभ देने की मांग दोहराई।

प्रदर्शन में मनोज बाथम, गुलाब सिंह, राजेश शर्मा, पद्मावती मंडलोई, महिपाल सिंह, दीपक राठौर, लोकेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पटवारी मौजूद रहे।

आज विराम के साथ संपन्न होगी शिव महापुराण कथा, महाप्रसादी का होगा वितरण

डीआर संवाददाता>>सैलाना

नगर के मिलन गार्डन में अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का मंगलवार को समापन होगा। कथा के विराम अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। सोमवार को कथा के चौथे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे।

कथावाचक पंडित पवन मिश्रा ने कहा कि भगवान भर किया गया विश्वास ही जीवन को सार्थक बनाता है। उन्होंने कहा कि आस्था मनुष्य को सदाचार, सेवा और जरूरतमंदों की सेवा को प्रेरणा देती है। उन्होंने माता–पिता की सेवा को भगवान की पूजा से भी पहले बताते हुए भगवान गणेश और कार्तिकेय की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश ने माता–पिता की परिक्रमा कर यह संदेश दिया कि माता–पिता ही सर्वपूज्य देवता हैं, इसलिए उनकी सेवा सर्वोपरि धर्म है।

कथा में विद्यालय संचालक मार्तंड और रवि मालवीय ने भी व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की। मंगलवार को कथा के समापन के बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा।

जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिया नशा मुक्त विकसित भारत बनाने का संदेश

डीआर संवाददाता> सीहोर

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित नेहरू भारत सीहोर द्वारा सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज उदय एजुकेशन में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशामुक्त भारत के संदेश से प्रतियोगिताओं एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विधायिका ने नशामुक्त भारत का संकल्प

लेते हुए संगीत एवं नृत्य, नाटक, नुक्कड़ नाटक, मूकअभिनय, विज्ञापन, लघु फिल्म, वाद–विवाद, नारा लेखन तथा स्लोन पोएट्री जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में युवाओं को नशामुक्ति के विभिन्न आयाम बताए गए और जागरूक किया गया।

प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा स्वस्थ एवं जागरूक भारत के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला जेल उप अधीक्षक विजेंद्र नायक, प्रभारी प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र गुप्ता, हिताय संस्था के डमेश पंसारी सहित प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद आष्टा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विजय उत्सव मनाया

डीआर संवाददाता> आष्टा

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद सोमवार को आष्टा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विजय उत्सव मनाया। ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में शहर में ढोल–ढमाकों के साथ विजय जुलूस निकाला गया। कार्यकर्ता पुराना मोघल–इदगाह मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंचे, जहां जमकर आतिशबाजी की गई और एक–दूसरे का मुंह मीठा कर जीत की खुशियां मनाईं। इस दौरान कांग्रेस के समर्थन में नारेबाजी भी की गई।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष फर्जंद

सिंह मेमरजोड़ी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दतिया उपचुनाव का परिणाम जनता के बदलते विश्वास का संकेत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता और शिवराज सरकार की नीतियों से निराश है और वह जीत कांग्रेस की विचारधारा तथा कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत है। उन्होंने दावा किया कि अब सिर्फ शुरुआत है और आने वाले नगरीय निकाय तथा विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी।

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी ने कहा कि उपचुनाव का परिणाम सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता के जनादेश को दर्शाता है। उन्होंने इसे प्रदेश के युवाओं, किसानों और आम जनता की जीत बताते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लगातार मजबूती से उठाती रहेगी।

विजय उत्सव में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

6 अगस्त को सजेगा मारवाड़ी महिला मंडल का भव्य सावन मेला

सीहोर। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल के तत्वावधान में 6 अगस्त को सोनी मंदिर परिसर में भव्य सावन मेले का आयोजन होगा। मेले में भोजन, स्नान–पान और घरेलू उपयोग की सामग्री के 40 से अधिक स्टॉल लगेंगे, जिनकी बुकिंग पूरी हो चुकी है। मंडल अध्यक्ष मंजू जैलोर अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2010 से आयोजित हो रहे इस मेले में इंदौर, भोपाल, बैतूल, जावरा और रिपोरिया सहित कई शहरों के स्टॉल संचालक भाग लेंगे। मंडल की टीम आयोजन को सफल और आकर्षक बनाने की तैयारियों में जुटी है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने बरीं पूर्व सरपंच के जन्म दिवस पौधे रौपे

डीआर संवाददाता>श्यामपुर

क्षेत्र के वरिष्ठ हिंगोनी पूर्व व भाजपा कार्यकर्ता को रविवार को जन्मदिवस भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ से सम्मान गया। इस दौरान पौध रोपण किया गया।

क्षेत्र के वरिष्ठ सरपंच राकेश मीणा का जन्मदिवस श्यामपुर कुवारा स्थित सीटी लोड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ से सम्मान गया। इस दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सरपंच राकेश मीणा को फूल मालाओं के साथ बधाई दी। एवं केक काटकर बधाई दी इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष व पूर्व सरपंच लखन मीणा, जनपद सदस्य परमानंद मीणा, युवा भाजपा नेता मोनाल मीणा, भाजपा नेता राकेश मीणा, युवा भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह दांगी, नंद किशोर मीणा सहित बड़ी संख्या में शामिल उपस्थित रहे। इस दौरान पौधे लगाए भी रोपे

समारोह एक्स सर्विसमैन लीग की सिल्वर जुबली पर पूर्व सैनिकों का सम्मान

एक्स सर्विस मैंन लीग सीहोर के द्वारा मनाई गई सिल्वर जयंती मिलन समारोह

डीआर संवाददाता> आष्टा

एक्स सर्विस मैन लीग सीहोर द्वारा आयोजित किया गया 25 वी वर्षगंठ सिल्वर जयंती मिलन समारोह शहर के आवासीय सेलकुट विद्यालय में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस संबंध में मीडिया प्रभारी सुरेंद्र इटावदिया ने बताया की मिलन समारोह बच्चों के द्वारा अनेक रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रस्तुत की गई विशेष अतिथि के रूप में जिला सैनिक कल्याण

अधिकारी कर्नल राजीव खरी 21 कोर हैडक्वाटर राजू महादेव के सुबेदार मेजर साहू उपस्थित रहे। वहीं जो गगन नामदेव अरिहन शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुधीर प्रजापति, गुप्त पटेल उपस्थित रहे मुख्य अतिथियों द्वारा वीर नारियों का सम्मान किया गया जिले के सभी पूर्व सैनिकों को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया कर्नल राजीव खरी द्वारा महिलाओं एवं उनके योगदान पर जोर देया।

कार्यक्रम का संचालन विपाग अनिल वर्मा के द्वारा किया गया और कार्यक्रम में आप विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया समारोह में विशेष भागीदारी सूबेदार मेजर दिनेश परमार कैप्टेन विश्वकर्मा, आर्यन राठौड़, हवलदार राजेश वर्मा दिनेश वर्मा, अर्य के अलावा सभी पूर्व सैनिक उपस्थित रहे सम्मानित राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुई

पहले सावन सोमवार को सुबह से शिवालयों भीड़

डीआर संवाददाता>दोराहा

श्रावण माह के पावन का पहला सोमवार के अवसर पर क्षेत्र के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की सुबह से ही खासी भीड़ देखी गई। इस दौरान शिव भक्तों ने शिव मंदिरों में पहुंचकर शिवलिंग पर का जिलाभिषेक किया। इस दौरान दोराहा, अहमदपुर, जरनाल, श्यामपुर, छतरी, चांदबड़ जागीर, खंडवा, सेमरा दांगी, सौंदी, बरखेड़ा हसन सहित सभी शिव मंदिरों में भीड़ रही

आष्टा को रेल से जोड़ने की मांग, विधायक ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

आष्टा। विधायक सोयल सिंह इंजीनियर ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान देवास–शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी से मुलाकात कर आष्टा को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग का ज्ञापन सौंपा। विधायक ने बताया कि भोपाल और इंदौर के बीच स्थित आष्टा में सभी मूलभूत सुविधाएं होने के बावजूद रेल कनेक्टिविटी का अभाव है, जिससे औद्योगिक और आर्थिक विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि रेल सुविधा मिलने से उद्योगों को बढ़ावा, रोजगार के नए अवसर और व्यापार में वृद्धि होगी। सांसद सोलंकी ने इस मांग पर सकारात्मक पहल का

न्यूज गैलरी

10 अगस्त तक मांगे सम्मान प्रस्ताव

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य समारोह इस वर्ष भी पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा। उपर कलेक्टर अनिल कुमार ठाकुर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड रिहर्सल, आमंत्रण पत्र वितरण और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां विभागवार सौंपीं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के सम्मान हेतु उनके प्रस्ताव 10 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

पठारी हवेली मूंग खरीद केंद्र का किया निरीक्षण

विदिशा। एसडीएम शितिज शर्मा ने सोमवार को मूंग उपार्जन केंद्र पठारी हवेली का औचक निरीक्षण कर उपार्जन कार्य एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था, तौल, भंडारण और गुणवत्ता परीक्षण का निरीक्षण किया। अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक को निर्देश दिए कि शासन के निर्धारित मानकों के अनुसार ही मूंग की खरीदी की जाए तथा तौल, पंजीयन, परिवहन और भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी व सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो।

1 हजार 787 किसानों उपसे मूंग की उपज खरीदी

विदिशा। जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूंग का समर्थन मूल्य पर उपार्जन जारी है। जिला विपणन अधिकारी रश्मी खुर्सेनी ने बताया कि 3 अगस्त तक 1 हजार 787 किसानों से 10 हजार 921 क्विंटल मूंग खरीदी जा चुकी है। खरीदी के विरुद्ध 7.09 करोड़ रुपए से अधिक के ई-पेमेंट ऑर्डर (ईपीओ) जारी किए गए हैं, जबकि 6.62 करोड़ रुपए के 1 सहित किसानों के बैंक खातों में जमा हो चुकी है। शासन के निर्देशानुसार खरीदी और ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है।

भिक्षावृत्ति छोड़ चार बच्चों का स्कूल में प्रवेश

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के अभियान के तहत जगतपुरा क्षेत्र के चार बच्चों का हाल्सीय प्रायमिक शाला में प्रवेश कराया गया है। जिला बाल संरक्षण इकाई के आउटरीच वर्कर महेंद्र पालक ने विद्यालय पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया की सुनिश्चित की। प्रधानाध्यापक एलाबर भगत ने बताया कि शेष चिन्हित बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया भी जारी है और जल्द पूरी कर ली जाएगी। साथ ही सीडब्लूसी

कांवड़ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, महाकाल की शाही सवारी निकली

चार घंटे में 3 किमी पैदल चलकर बेतवा घाट से कांच मंदिर तक पहुंचे शिवभक्त

बेतवा तट से जल लेकर कांच मंदिर पहुंचे शिवभक्त, चार घंटे की पदयात्रा के बाद किया भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

श्रावण मास के पहले सोमवार को सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। बेतवा से पवित्र जल भरकर सैकड़ों शिवभक्त, बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ मध्यमगढ़ स्थित कांच मंदिर पहुंचे, जहां भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया गया। पूरे मार्ग में भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। समिति अध्यक्ष नितिन माहोरवाली ने बताया कि श्रावण मास के प्रथम सोमवार को समिति द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और शिवभक्तों ने यात्रा में सहभागिता की। बेतवा के बड़ाघाट पाट से जल भरने के बाद कांवड़ यात्रा भजरिया, बड़ा बाजार, तिलक चौक, निकासा होते हुए मध्यमगढ़ स्थित कांच मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान बोल-नगाड़ों, ढोल पर बज रहे शिव भक्ति गीतों और जयघोषों से पूरा शहर शिवमय हो गया। कांवड़ यात्रा संयोजक नीलम हेमंत राजपूत ने बताया कि लगभग 3 किलोमीटर की यात्रा श्रद्धालुओं ने करीब 4 घंटे में पूरी की। मार्ग में जगह-जगह सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया तथा पेयजल एवं प्रसाद की व्यवस्था भी की। यात्रा का समापन बड़ा आरतीपूर्ण मनवाल श्री महाकाल की भव्य शाही सवारी रही। बेतवा तट पर आचार्य संजय पुरोहित ने कांवड़ एवं महाकाल की विशेष पूजा अर्चना कराई। इसके बाद सुसज्जित पालकी में ठेठाणगांव महाकाल की शाही सवारी निकली गई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, विभाग प्रचारक सौरभ चौहे, जिला अध्यक्ष गौरव कैलाश रघुवंशी, नगराध्यक्ष प्रीति राजेश शर्मा, सचिव जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित समिति के संस्थापक अध्यक्ष महावीर सिंह कुशवाह, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महाकाल की शाही सवारी बनी आकर्षण

सुसज्जित पालकी में निकले भगवान श्री महाकाल।

बेतवा तट पर विशेष पूजन-अर्चना के बाद यात्रा शुरू।

पूरे मार्ग में पुष्पवर्षा और आरती स्वागत कर स्वागत हुआ।

हर-हर महादेव और जय श्री महाकाल के जयघोष से गूंजा शहर का मुख्य मार्ग।

कांवड़ यात्रा एक नजर में

आयोजक: सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति

प्रारंभ स्थल: बेतवा नदी के बड़वाघाट घाट से यात्रा प्रारंभ

समापन: कांच मंदिर पर हुआ

दूरी: लगभग 3 किलोमीटर

समय: 4 घंटे की पदयात्रा

विशेषता: सैकड़ों महिलाओं सहित हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता, महाकाल की शाही सवारी और भगवान भोलेनाथ का बेतवा जल से अभिषेक।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर विदिशा में जश्न मिठाई बांटकर मनाई

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, जीत को जनता के विश्वास की जीत बताया

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर सन्तोषजीत सिंह की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस ने सोमवार को महावीर चौराहे पर विजय जश्न मनाया।

कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। कांग्रेस की इस जीत पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल मिलानवानी ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास, कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों और समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। जिलाध्यक्ष श्री मोहित रघुवंशी ने कहा कि जनता ने बदलाव के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि यह जीत मध्य प्रदेश की राजनीति में परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नपा सफाई कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष बने मुकेश

विदिशा। नगरपालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन का सोमवार को चुनाव हुआ। चुनाव में मुकेश महामिया अध्यक्ष, लालसिंह कीरत उपाध्यक्ष तथा नवीन चौहान निर्विरोध महामंत्री निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रदेश अध्यक्ष भगवानदास झा ने प्रदेश महामंत्री राजेंद्र पैरव और कार्यपालक प्रदेश अध्यक्ष अनिल जैन को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। इस अवसर पर अनंत पेंडल, गुलाबलाल गैरा, जिला अध्यक्ष कमल खरे एवं महामंत्री विनोद खरे सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

5 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों की हड़ताल तहसील कार्यालय में जमा किया रिकॉर्ड

डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर सोमवार से क्षेत्र के पटवारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के पहले दिन दोपहर में क्षेत्र के पटवारी संघ के अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पटवारी तहसील कार्यालय पहुंचे। वहां पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार को अपना बस्ता और हाथन सौंपा। उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल की जानकारी भी दी। इस अवसर पर सभी पटवारियों ने अपने-अपने हल्के का रिकॉर्ड भी तहसील कार्यालय में जमा किया। संघ ने बताया गया कि 8 जुलाई को जिला स्तरीय ज्ञापन दिया गया था। कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 15 से 17 जुलाई तक सांकेतिक आंदोलन चला। 20 से 23 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर काम किया गया। 24 से 27 जुलाई तक बीजेल मीडिया समूहों का बहिष्कार किया गया। 28 जुलाई से 2 अगस्त तक ऑनलाइन कार्य बहिष्कार किया गया। अब 3 अगस्त से मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई है। पटवारियों ने चेतावनी दी कि यदि वार्तात्मक कार्रवाई की गई तो हड़ताल और तेज होगी। किसानों और आम जन को होने वाली असुविधा की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश 7 अगस्त से गांव-गांव लगेंगे जन विश्वास शिविर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को समय-सीमा बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान सहित विभिन्न विकासी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जनहित के मामलों में संवेदनशीलता, जवाबदेही और समन्वय कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में बताया गया कि जिले की ग्राम पंचायतों में 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक विशेष जन विश्वास शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ और शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने डेंगू एवं मलेरिया नियंत्रण के लिए नियमित जांचें करें, रक्त शिविर और सघनता मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। ड्रग इंस्पेक्टर को डेंगू-मलेरिया की दवाओं की बिक्री का रिकॉर्ड संकलित कर थोक विक्रेताओं की सूची के आधार पर संयुक्त जांच कराने के लिए कहा। परिवहन विभाग को प्रतिदिन वाहन जांच अभियान चलाकर जिले में अनफिट वाहनों का संचालन पूरी तरह रोकने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा राशन दुकानों में ई-केवाईसी अभियान तेज करने, नई पात्र बहिनों को जोड़ने, पेंशन शिकायतों का समाधान कराने तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार के लिए गांव-गांव सघ संचालित कर किसानों का अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए

अधिकारियों को दिया जाएगा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नए शासन द्वारा नागरिक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और समन्वयित बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एमपी ई-सेवा पोर्टल, ई-ऑफिस और सुनियोजित हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को एमपी ई-सेवा पोर्टल के संचालन, ई-फाइल प्रबंधन, डिजिटल हस्ताक्षर (डिजिटल सिग्नेचर), पत्राचार प्रबंधन तथा ई-ऑफिस के विभिन्न मॉड्यूल की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। साथ ही सीसीसीटी की आवश्यकताओं के अनुरूप सुनियोजित हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा, ताकि अधिकारी-कर्मचारी डिजिटल माध्यम से कार्यालयीन कार्य कुशलतापूर्वक कर सकें। शासन ने सभी विभागों से अतिरिक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रशिक्षण में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण संबंधी जानकारी एवं सहायता के लिए ई-सेवा सेल प्रभारी से मोबाइल नंबर 9755016980 पर संपर्क किया जा सकता है।

महिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और सांसद कंगना रनौत का पुतला फूंका

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिला महिला कांग्रेस ने सोमवार को बस्तीपुरा चौराहे पर प्रदर्शन कर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी व सांसद कंगना रनौत का पुतला जलाया।

प्रदर्शन में महिला कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं कांग्रेसजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा मेडिकल कॉलेज प्रकरण के दोषियों के समर्थन तथा पीड़िता के खिलाफ रनौत द्वारा आंदोलनकारी महिलाओं के लिए की गई अशोभनीय टिप्पणियों के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष विजेंद्र किशोर ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और महिला कांग्रेस आगामी में विधानसभा स्तर तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री सुभाष शेखा ने दोषियों के समर्थन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण सुगरिया अवधपुरी ने भी भाजपा सरकार के मंत्री एवं सांसदों को अपने शब्दों पर महिलाओं से माफी मांगने की बात कही।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव में गुरु-परंपरा का गुणगान

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

लक्ष्मीनारायण मंदिर नंदवाना में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन मनमोहन शर्मा (मुंशिया) एवं ब्रजकिशोर नौकल के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में समाज, धर्म, साहित्य और इतिहास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान किया गया।

प्रस्तावना उपेक्षा एवं पूर्व प्रस्तावना डॉ. कमल चतुर्वेदी, हरिनारायण गोविंद देवलिया तथा धर्माचार्य डॉ. मनोज नारायण शास्त्री को सम्मानित किया गया। आचार्य शिवशंकर तिवारी ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि

गुरु जीवन को सही दिशा, ज्ञान और आत्मिक उन्नति प्रदान करते हैं। डॉ. कमल चतुर्वेदी ने भारतीय संस्कृति में गुरु-परंपरा का महत्व बताया, जबकि गोविंद देवलिया ने विदिशा की सांस्कृतिक विरासत और रामायण परंपराओं पर प्रकाश डाला। डॉ. मनोज नारायण शास्त्री ने गुरु कृपा से छुड़े हुए प्रसंग सुनाए। कार्यक्रम का संचालन पंडित सतीश व्यास ने किया तथा अंत में मनमोहन शर्मा (मुंशिया) ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

जलाभिषेक

100 साल पुराने महादेव मंदिर में भक्तों ने किया अभिषेक

प्रथम सोमवार की तड़के सही श्रद्धालुओं की कांच मंदिर में उमड़ी भीड़

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सावन के पहले सोमवार को मध्यमगंज स्थित कांच महादेव मंदिर में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह तड़के से ही श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। मंदिर परिसर दिनभर जयघोष से गूंजता रहा। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, शहद, घी, शक्कर और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मध्यमगंज का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना से भगवान शिव भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी विश्वास के साथ सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजा के लिए मंदिर पहुंचे।

1926 में हुई थी कांच महादेव मंदिर की स्थापना

कांच से सुसज्जित यह मंदिर सावन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन जाता है। भीड़ को देखते हुए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई थी।

मंदिर समिति, स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रही। मंदिर समिति के अनुसार कांच महादेव मंदिर की स्थापना वर्ष 1926 में हुई थी। 126 वर्ष पूरे कर चुके मंदिर ने अपने 100 वर्ष पूरे किए। वर्ष 1969 में मंदिर में कांच की कलात्मक सजावट कराई गई, जिसके बाद यह पूरे क्षेत्र में स्थानीय मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हो गया। मंदिर परिसर में भगवान विष्णुगुरु की प्रतिमा भी स्थापित है, जिसके दर्शन के लिए भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। सावन के पहले सोमवार पर कांच महादेव मंदिर में आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरा मंदिर परिसर शिवमय वातावरण में डूबा रहा।

1.30 लाख जमा करने के बाद भी 2 बेटियों की टीसी रोकी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर के पुरानुपुरा निवासी पवन बिहा खोखर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगरपालिका ई-टेक्नो स्कूल प्रबंधन के संचालक ने डीपीसी आरपी लखेर को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि उनकी बेटियों छाया और सौम्या की फीस की कुछ राशि शेष है, इसलिए स्कूल प्रबंधन दोनों बेटियों की टीसी नहीं दे सकते।

वे निजामुसार 1.30 लाख रुपए जमा करवा चुके हैं। इसके बाद भी स्कूल प्रबंधन 40 हजार रुपए और जमा कराने की मांग कर रहा है। पिता का कहना है कि उनकी बेटियों की टीसी बेवजह रोकी जा रही है। इस मामले में बीईओ के आदेश पर एक लाख टीसी शिक्षकवार की जांच कर चुकी है। दिनांक 12 जून को विकासखंड शिक्षाधिकारी ने स्कूल प्रबंधन को पत्र लिखकर आदेश दिया था कि दोनों छात्राओं की कुछ राशि शेष है। इसके बाद भी आरटीई अधिनियम 2009 के तहत किसी छात्र की टीसी नहीं रोकी जा सकती। अतः दोनों छात्राओं की टीसी प्रदान कर इस कार्यालय को सूचित किया जाए। इस आदेश के बाद भी अभी तक टीसी नहीं दी गई है। इस संबंध में डीपीसी आरपी लखेर का कहना है कि स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध कई शिकायतें आ रही हैं। इसलिए बीईओ के मार्गदर्शन में एक टीम ने पूरे मामले की जांच की थी। जांच में शिकायत सही पाई गई थी।

बच्चे का भविष्य नहीं अटका सकता स्कूल

आरटीई एक्ट की धारा 8 के अनुसार, किसी भी छात्र को किसी भी कारण दूसरे स्कूल में प्रवेश के लिए टीसी मांगने का अधिकार है। स्कूल प्रबंधन बकाया फीस वसूलने के लिए सम्पूर्ण प्रक्रिया अपना सकता है। वह टीसी रोककर बच्चे का शैक्षणिक वर्ष खराब नहीं कर सकता। ऐसा करना सीधे अधिकारों का उल्लंघन है।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

श्रावन कृष्ण पक्ष-06 -2083 राजगढ,दिन मंगलवार,दिनांक 04 अगस्त ,2026

न्यूज गैलरी

युवक को सांप ने डसा, झाड़ फूंक छोड़ अस्पताल पहुंचे

राजगढ़। जरगवाल थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह खेत में काम कर रहे एक युवक को सांप ने डंस लिया। परिजनों ने झाड़फूंक के चक्कर में पड़ने के बजाय तत्काल सरो अस्पताल सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। उपचार के बाद युवक की हालत में लगातार सुधार हो रहा है।

आईएफएमआईएस सॉफ्ट वेयर प्रशिक्षण 6 को होगा

राजगढ़। जिला कोषालय के अंतर्गत आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के विभिन्न मॉड्यूल के संचालन में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए 6 अगस्त को ई-पंजीयन केंद्र में प्रशिक्षण किया जाएगा। प्रशिक्षण शाम 4 से 6 बजे तक होगा।

7 से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

राजगढ़।राजगढ़ जिले में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 7 अगस्त से शुरू होकर 8 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. नितेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिले के सभी विकासखंडों में प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित क्लस्टरों में शनन, निष्पादन, जनसंवाद और उद्यान संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सद्गुरु आश्रम में शिव महापुराण कथा 15 से

नरसिंहगढ़। श्री दत्तात्रेय मंदिर-सद्गुरु आश्रम (बड़े महादेव के नीचे) में 15 से 21 अगस्त तक शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा । जिसमें पंडित प्रफुल्ल महाराज प्रवचन देंगे। आयोजन में सद्गुरु सेवा समिति और अन्य श्रद्धालु मिलकर पार्किंग शिवालिंग निर्माण-अभिषेक भी करेंगे। आयोजन की तैयारी के लिए रविवार रात सद्गुरु आश्रम परिसर में बैठक रखी गई।

संगठनात्मक बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

राजगढ़। भारतीय जनता पार्टी मंडल राजगढ़ की मासिक संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय कमल भारतम् भवन में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष हरन सिंह गुजर ने संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों और पार्टी की गतिविधियों को लेकर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सचिन मीणे ने की। बैठक में जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी देवीसिंह सौंधिया, जिला मंत्री

वाहन मालिक ने एसपी को दिया आवेदन, दलाल और बाबूओं की मिलीभगत की आशंका

बगैर ओटीपी, कूटरचित दस्तावेजों से आरटीओ ने ट्रांसफर कर दिया

डीआर संवाददाता ।।राजगढ

सेंट्रीय परिवहन कार्यालय राजगढ़ में सम्मुख टीकाकरण नहीं चल रहा है। वहां अक्सर कई तरह की लापरवाहियों और दलालों की ऑफिस के काफी अंदर तक सांठगांठ के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में एक ट्रैक्टर मालिक की बगैर अनुमति, फर्जी दस्तावेज और बगैर ओटीपी के दूसरा जिले के व्यक्ति के नाम वाहन ट्रांसफर कर दिया गया। पीड़िता ने जब आरटीओ कार्यालय से जानकारी मांगी तो पूरे फर्जीवाड़े की पोल खुली। पीड़ाति ने गए दिवस पुलिस अधीक्षक राजगढ़ को शिकायती आवेदन देकर जांच और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की गुहार लगाई है।

क्या है पूरा मामला

जादियाखेड़ी निवासी मुकेश वर्मा ने अपना जॉनडियर ट्रैक्टर एमपी-39 एबी-1264 दिसंबर 2025 में पवन अहिरवार निवासी जोगन बावड़ी, भक्तुपुनगढ़ जिला दूना के साथ 5,50,000 में मौखिक रूप ट्रैक्टर का सौदा तय किया था। पवन के नाम पंजीयन न होने पर उसके ससुर शंकरलाल अहिरवार निवासी ग्राम मऊ खेमन ने मार्च 2026 में ट्रैक्टर वाहनेत करवा लिया लेकिन बिक्री मुकेश वर्मा को राशि नहीं दी गई। जब शंकरलाल ने पैसे देने से इनकार कर दिया तब पीड़ाति ने 26 मई 2026 को थाना भक्तुपुनगढ़ में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की समझाइश पर 29 जून 2026 तक पैसे देने का वादा लिया लेकिन फिर भी राशि नहीं दी गई। जब पीड़ाति मुकेश वर्मा के घर पहुंचा तो उसने 27 जुलाई 2026 को जिला परिवहन अधिकारी, राजगढ़ के समक्ष दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया।

कूटरचित दस्तावेजों से दूसरे के नाम हो गया वाहन

आरटीओ में वाहनदाता राशि जमा करने के बाद उस वाहन ट्रांसफर के संबंध में जानकारी निकलवाई गई तो प्रकरण दस्तावेजों से खुलासा हुआ कि आरटीओ अधिकारी ने दलालों, आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों, अधिकारियों से सांठगांठ कर मुकेश वर्मा के जाली हस्ताक्षर एवं फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए। बिना राशि भुगतान और असली वाहन मालिक की जानकारी के बिना ट्रैक्टर को स्थानांतरण शालिनता के नाम कर दिया। जबकि किसी भी वाहन को दूसरे के नाम ट्रांसफर करने में सबसे पहले वाहन मालिक को भेजे गए ओटीपी की आवश्यकता पड़ती है। वाहन मालिक द्वारा ओटीपी भी नहीं दिया गया और न ही कार्यालय के सामने वाहन मालिक और खरीदार मौजूद थे फोटो लिए गए और फोल लेटर पर जाली हस्ताक्षर से इस गड़बड़झाले को अंजाम दिया गया। भोलाखाड़ी के साथ ही आरटीओ में चल रहे भारी गड़बड़ियों की और इशारा कर रहा है।

इनका कहना है

अनावेदक वर्मा कर उपस्थित वाले केस दिया गया है। इस मामले में धरि राजगढ़ आरटीओ से कार्यवाई के संबंध में हमें कोई अधिकार प्राप्त होता है तो सकारात्मक एवं निष्पक्षपूर्वक कार्यवाई की जाएगी।

नैहा गौर, डीएसपीराजगढ़

राजगढ़ सिटीजन कॉलेज पर जो आवेदन मिला होगा उस पर प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर वाहन ट्रांसफर किया गया है। मामला संज्ञान में है। वाहन मालिक और खेत के बीच रकम-पैसे का भी विवाद है।

– राजदेव शर्मा, वाहन ट्रांसफर शाखा प्रभारी,

जिला परिवहन विभाग की कार्रवाई, पांच वाहनों के चालान के साथ एक स्कूल बस जब्त

डीआर संवाददाता ।। सारंगपुर

जिला परिवहन विभाग की कार्रवाई की सूचना मिलते ही सोमवार को सारंगपुर बस स्टैंड का नजारा अचानक बदल गया। परिवहन विभाग के उड़नदस्ते के पहुंचते ही कई खाली वाहन बस स्टैंड से गायब हो गई। जिससे यात्रियों को काफी देर तक बसों का इंतजार करना पड़ा। विभाग ने मौके पर पांच वाहनों के चालान बनाकर करीब 9 हजार रुपये का राजस्व वसूला, जबकि एक स्कूल बस को वैध दस्तावेज नहीं होने पर जब्त कर लिया। जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र बैस ने बताया कि नियमित जांच अभियान के तहत सीमाचौकी स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल की बस एमपी-42-0224 आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी, जिसके चलते उसे जब्त किया गया। वहीं सारंगपुर के सत्य साई स्कूल तथा गुलाबपुरा के वैष्णव पब्लिक स्कूल के वाहनों से संबंधित दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर राजगढ़ को प्रतिवेदन भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड पर कंडल पांच कमी की ही मालामी कार्रवाई हो सकी। इसके बाद अधिकांश खाली वाहन वहां से हट गए। स्थानीय दुकानदारों ने सुनसान पड़े बस स्टैंड की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए सवाल उठाया कि आरटीओ के पहुंचते ही वाहन अचानक कहां गायब हो गए। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि खाली वाहनों के चालक और परिचालक के लिए निर्धारित वर्दी, नाम पट्टिका, पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र तथा पांच वर्ष पुराने हैवी ड्यूटीवाले लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज रखना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान अन्य व्यावसायिक वाहनों की भी जांच की गई।

स्कूल जाते समय शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

डीआर संवाददाता ।।राजगढ

जीरापुर से जीरापुर क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक प्राथमिक शिक्षक की मौत हो गई। शिक्षक रोज की तरह मोटरसाइकिल से स्कूल जा रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ओल्टो कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौजूद शिक्षक को अस्पताल पहुंचाने के बजाय कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार ग्राम भाटखेड़ी निवासी राजकुमार बैरागी राजकीय प्राथमिक विद्यालय पथरी, संकुल केंद्र कोठड़ा में पदस्थ थे। सोमवार सुबह वे अपने गांव से विद्यालय के लिए निकले थे। कोठड़ा और बाढ़गांव के बीच सामने से आ रही ओल्टो कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घायल पर तत्काल नहीं मिलने और गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय राहगीर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीरापुर अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। दुर्घटनास्थल पर काफी देर जाम लगा रहा, जबकि फरार चालक की तलाश की जा रही है

सीएम हेल्पलाइन: पांच अधिकारियों पर जुर्माना

डीआर संवाददाता ।। राजगढ

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान शुरू होने से पहले कलेक्टर डॉ. नितेश कुमार मिश्रा ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सख्ती दिखाई। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित स्टाफ-मीटिंग बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान लापरवाही मिलने पर पांच अधिकारियों पर 2-2 हजार रुपए का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कार्रवाई मध्यप्रदेश जल निगम के उपयंत्री राहुल राठौर, सारंगपुर के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी राजेश राजपूत, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री केशव ठाकुर, नरसिंहगढ़ के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव और भारत नगर पालिका के सीएमओ इकबाल अहमद पर की गई। बैठक में कलेक्टर ने 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के बन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सारंगपुर और पचोर विकासखंड के संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ डॉ. इंजिनि बढ़पाले ने 7 अगस्त से शुरू होने वाले जन-विश्वास अभियान के लिए शिविर स्थलों का पूर्व निरीक्षण, सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने और दिव्यांगजनों की भागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एएएफ-एमएएफ बच्चों की मॉनीटरिंग, एएनसी जांच, टेक होम राशन वितरण तथा लाडली लक्ष्मी योजना के लंबित प्रकरणों का – निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

मासिक बैठक में मंथन

राजगढ़। भारतीय जनता पार्टी मंडल राजगढ़ की मासिक संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय कमल भारतम् भवन में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष हरन सिंह गुजर ने संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों और पार्टी की गतिविधियों को लेकर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सचिन मीणे ने की। बैठक में जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी देवीसिंह सौंधिया, जिला मंत्री

जीएसटी विभाग ने खोली श्रीराम इंटरप्राइजेस की फाइल

डीआर संवाददाता ।।राजगढ

बताया जा कि श्रीराम इंटरप्राइजेस ने जनवरी 2025 के बाद कोई जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं किया। लगातार छह माह तक रिटर्न नहीं करने पर जीएसटी विभाग ने जून 2025 में फर्म का पंजीयन निरस्त कर दिया। इसमें श्रीराम इंटरप्राइजेस पर पहले से करीब 60 लाख की देनदारी को लेकर विभागीय प्रक्रिया भी चल रही थी। इसके बाद भी श्रीराम इंटरप्राइजेस से करीब 800 किलोग्राम मोबाइल मार्क और खुलाई गाम में पराल इंटरप्राइजेस को बेचा गया। मंडी गेट थाने में सेल का उल्लेख है। व्यापारी देवेंद्र खंडेलवाल के मुताबिक पराल इंटरप्राइजेस पर टैक्स की तालाबंदी आई थी और उन्होंने टैक्स जमा कर दिया है।

जीएसटी खुला जांच में

जीएसटी विभाग अब इस मामले की जांच में जुट गया है। इसमें पहले तो ये देखा जा रहा है कि मंडी गेट जहां सामग्री लाया गया था वहां भी राम इंटरप्राई को बेचा जाना दर्शाया है या नहीं, इसके अलावा डीजी एफ-2-3 छपा0129014 बिना बिल के माध्यम किस प्रकार हुआ, इसकी भी जांच शुरू हो चुकी है। साथ ही जब श्रीराम इंटरप्राइजेस ने बिल नहीं दिया तो पराल इंटरप्राइजेस ने किस प्रकार रिटर्न में इसे दर्शाया है और रिटर्न भरा है या नहीं इसकी भी जांच की जा रही है। इसके लिए मंडी से भी रिकार्ड मांगने की तैयारी चल रही है। सूत्रों की माने तो विभाग ने भी रिकार्ड खंगाल है कि मंडी के साथ कुछ अन्य कारोबारियों का भी पंजीयन निरस्त हुआ है और कहीं इस की तो इसी प्रकार गलत की खरीद फरोख्त तो नहीं कर रहे हैं। इस मामले में जांच शुरू होने से व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस इस मामले को दिखाया रहे हैं। पराल इंटरप्राइजेस ने मार्च में रिटर्न किसान द्वारा किया है और उसे दर्शाया है, ये जांच की जा रही है। साथ ही बिना बिल के कारोबार के मामले की भी पड़ताल कर रहे हैं। इसके लिए मंडी से भी रिकार्ड मंगाएंगे,

151 पौधे लगाकर शुरुआत की सौंधिया राजपूत समाज का संकल्प हरियाली अमावस्या तक लगाएंगे पौधे

डीआर संवाददाता ।।जीरापुर।

अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा के आह्वान पर समाज द्वारा पूरे प्रदेश में एक लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सामाजिक स्तर पर लिए गए इस पौधारोपण अभियान को शनिवार द्वारा हरियाली अमावस्या तक निरंतर चलाते हुए पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल कायम की जाएगी। प्रदेश स्तर के इस कार्यक्रम अंतर्गत पौधे लगाकर अभियान के तहत क्षेत्र को हरा-भरा बनाने का संकल्प ले लिया गया है। सूत्रों की माने तो विभाग ने भी रिकार्ड खंगाल है कि मंडी के साथ कुछ अन्य कारोबारियों का भी पंजीयन निरस्त हुआ है और कहीं इस की तो इसी प्रकार गलत की खरीद फरोख्त तो नहीं कर रहे हैं। इस मामले में जांच शुरू होने से व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस इस मामले को दिखाया रहे हैं। पराल इंटरप्राइजेस ने मार्च में रिटर्न किसान द्वारा किया है और उसे दर्शाया है, ये जांच की जा रही है। साथ ही बिना बिल के कारोबार के मामले की भी पड़ताल कर रहे हैं। इसके लिए मंडी से भी रिकार्ड मंगाएंगे,

नारायणसिंह गालरियाखेड़ी, कालूसिंह तोमर, पूर्णमंडी अध्यक्ष कन्हैयासिंह पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रपालसिंह परमार, महासचिव पारसेलाल गौहाना, सत्यनारायण सरावत, गंगाराम दोबाल, प्रदेश प्रभारी मंगलसिंह पंवार, राजेंद्रसिंह अरनोदे, विष्णुसिंह पवार, भगवानसिंह बटावदा, धर्मराज प्रधान अध्यक्ष मोहनसिंह पंवार, जिला सचिव नारायणसिंह तोमर, ईश्वरसिंह मरमार, रणोबांध पवार ब्लॉक महासचिव सम्बाबू पवार, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नारायणसिंह तोमर, बिजेसिंह सेलवी,

जीत पर आतिशबाजी

कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी साझा की

दतिया विस उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर जश्न मनाया की आतिशबाजी

डीआर संवाददाता ।।सारंगपुर

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद सारंगपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कांग्रेस कार्यालय अहल्या भवन में उत्साहपूर्ण जश्न मनाया। जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की, मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी साझा की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने चुनाव में मिली सफलता को संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। कार्यकर्ताओं ने दतिया विधानसभा चुनाव के प्रभारी एवं राजगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिग्विजय सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व, रणनीति और सक्षम मार्गदर्शन से कांग्रेस को महत्वपूर्ण जीत मिली है। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस जीत को प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस के लिए सकारात्मक संकेत बताते हुए भविष्य में भी संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यालय परिसर कांग्रेस के समर्थन में लगाए गए नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर बड़ौदा अध्यक्ष दुर्गेश लोधी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अविद हुसैन लोदी, पूर्व नगर अध्यक्ष श्री अली, प्रदीप सादनी, शरीफ खां, निकाय कुरैशी, शोएब हसन खां सहित बड़ी संख्या में भी संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी मनाते हुए प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनहित के विकास पर खरा उतरने का संकल्प भी व्यक्त किया।

दतिया से मप्र में परिवर्तन का आगाज हुआः बापूसिंह तंवर

राजगढ़ प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर हुए उप चुनाव में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया है। इस ऐतिहासिक जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने उत्सव का माहौल है। इस खुशी में मुख्यालय सहित जिले भर में कई स्थानों पर कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटते हुए एक-दूसरे को जीत की बधाइयां दीं। जीत से उत्साहित इकाइयों ने मुख्यालय के बिरला चुंगी चौराहे पर जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, देशराज कलेरिया ने अपने-अपने उद्बोधनों में कहा यह जनहित की आवाज है जो सुनकर सामने आई है। दतिया से मप्र में परिवर्तन की शुरुआत हुई है।

भा पीताम्बरा के आशिर्वाद से धर्म की जीत हुई है एवं भारतीय जनता पार्टी के अहंकार की हार हुई है। आज पूरे देश में भाजपा की सरकार के बलते वे हर राज्य में मनमानी से शासन चला रहे हैं। किसान परेशान है, जनता परेशान है, युवा परेशान है या यू कहे कि हर वर्ग भाजपा के नेताओं की मनमानी और भ्रष्टाचार के आगे बेबस हो चुका है। जनता ने सही निर्णय लेकर कांग्रेस पार्टी को विजयश्री है।

भीड़ में महिलाओं की चेन झपटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ।। पचौर

अशोकनगर कोतवाली पुलिस ने दिनदहाड़े हुई चेन स्नेचिंग की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपियों गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई दो सोने की चेन बरामद की है जिनकी अनुमानित कीमत लगभग छह लाख रुपए है। इस मामले में एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई की। यह मामला 18 जुलाई को लयकुमार जैन निवासी पलाशीखेड़ा चौक द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट से जुड़ा है। उन्होंने बताया था कि 22 मई को पल्स पूल श्री सुधासागर जी महाराज के आगमन कार्यक्रम के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर उनकी पत्नी सुलोचना जैन सहित अन्य महिलाओं की सोने की चेन झपट ली गई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी पंचि प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर सूचना और घटनास्थल के विश्लेषण के आधार पर मनीष जाटव (मुरैना) और बाबूलाल अहिरवार (जयपुर) को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चेन जबलपुर की एक ज्वेलरी दुकान पर बेची थी, जिसके बाद पुलिस ने बरामदगी की। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह जुना, मुरैना सहित कई अन्य जिलों में भी चेन स्नेचिंग की वारदातों में सक्रिय रहा है।

फरार आरोपी संजय की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया